# बीजेपी के पास ईडी व सीबीआई सुपर स्टार कैंपेनर हैं, हमारे पास नेता : जयराम रमेश

## जयराम रमेश ने जयपुर में प्रेस कॉफ्रेंस कर कहा, हमें पूरा भरोसा है कि ई.डी., सी.बी.आई., केन्द्रीय रणनीति और ध्रुवीकरण को जनता समझ चुकी है

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को जयपुर में पत्रकारों से रूबरू होकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, हमारे पास भाजपा की तरह सुपरस्टार कैंपेनर नहीं है। बीजेपी के पास प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) और सी.बी.आई. जैसे सुपरस्टार कैंपेनर हैं, लेकिन हमारे नेता प्रचार कर रहे हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है, जहां शहरी रोजगार गारंटी के लिए विशेष कानून बना है। जहां गैस का सिलेंडर 500 रुपये में मिलता है, उसी से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। तभी बार-बार संवैधानिक एजेंसी का इस्तेमाल हो रहा है। कर्नाटक सरकार ने एक महीने में अपनी दी हुई गारंटी पूरी की। हमने पुरानी पेंशन स्कीम लागू की है। कानून की गारंटी दे रहे हैं। कर्नाटक और हिमाचल में बीजेपी ने गलत तथ्यों का प्रचार किया।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश शनिवार को जयपुर में पत्रकारों से रूबरू हुए।

■ **उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का पूरा प्रचार दो विषय पर केंद्रित है। इन 5 साल में हमने क्या किया, क्या जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हुई हैं, इसके आधार पर जनादेश मांग रहे हैं।**

जयराम रमेश ने कहा कि "भाजपा के पास दो हथियार हैं। एक हथियार ईडी और दूसरा सीबीआई, जिसका दुरुपयोग हो रहा है। दो दिन तक ईडी और सीबीआई का ब्रेक चलेगा, दो दिन ब्रेक के बाद फिर से एजेंसी सक्रिय हो जाएगी"। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का दूसरा हथियार ध्रुवीकरण है। इसके अलावा उनके पास कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री गलत आरोप लगा रहे हैं। मोदी और योगी यहां जरूर आएंगे, लेकिन कर्नाटक की जनता ने ध्रुवीकरण को नकारा और राजस्थान की जनता भी यही जवाब देगी। हमें पूरा भरोसा है कि ईडी, सीबीआई, केंद्रीय रणनीति, ध्रुवीकरण को जनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का पूरा प्रचार दो विषय पर केंद्रित है। इन 5 साल में हमने क्या किया, क्या जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हुई हैं, इसके आधार पर जनादेश मांग रहे हैं।

## 'भाजपा सरकार बनेगी तो जनता को सांगानेर के बाजार बंद नहीं करने पड़ेंगे'

**जयपुर** । सांगानेर विधानसभा से विधायक प्रत्याशी प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा का लगातार जनसंपर्क जारी है, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के गली-गली मोहल्ले में भजनलाल ने जनता की समस्या सुनी और कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और सिर्फ सांगानेर ही नहीं वरन राजस्थान में भी केंद्र की तर्ज पर तरक्की होगी। देश की जनता ने भाजपा को चुना तो भारत आज विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है। जब राजस्थान में डबल इंजन की सरकार होगी तो निश्चित ही राजस्थान की प्रगति की गति दोगुनी होगी।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में शासित कांग्रेस सरकार ने आज पिछले 5 वर्षों में सिर्फ पुष्टिकरण को बढ़ावा दिया है कांग्रेस शुरू से ही कहती आई है देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानो का है लेकिन भाजपा का कहना है यदि संसाधनों पर किसी का अधिकार है तो वह है गरीबों का है चाहे वह किसी भी संप्रदाय जाति समाज से हो। सांगानेर विधानसभा में जनसंपर्क भाजपा के मानसरोवर, श्योपुर और सांगानेर मंडलों के विभिन्न वार्डों बाजरो गली मोहल्ले में किया गया।

## महिला चोर गैंग ने गहनों से भरा बॉक्स पार किया

■ **सांगानेर बाजार स्थित ज्वैलरी शॉप में हुई चोरी की वारदात, सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद**

**जयपुर** । मालपुरा गेट थाना इलाके में स्थित सांगानेर मेन मार्केट में ग्राहक बनकर ज्वेलरी शॉप में आई चोर महिला गैंग ने नजर बचाकर गहनों से भरा बॉक्स चोरी कर लिया और बाद में फरार हो गई। दुकान से चोरी हुए गहनों की कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई जा रही है। शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेज में महिला चोर गैंग की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गैंग की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित हरिशंकर सोनी ने मामला दर्ज करवाया है कि सांगानेर मेन मार्केट में उसकी पुरुषोत्तम आभूषण भंडार के नाम से ज्वेलरी शॉप है। गुरुवार शाम को शॉप पर उसका बेटा बाबा उर्फ विकास बैठा था।

शाम करीब 6 बजे खरीदारी के बहाने पांच महिला शॉप पर आई और चांदी के गहने दिखाने के लिए कहा। महिलाओं ने गहने दिखाने के बहाने उसके बेटे का ध्यान भटकाया और नजर बचाकर काउंटर में रखा सोने के गहनों का बॉक्स चुरा लिया।

गहनों का बॉक्स चोरी करने के बाद महिलाएं करीब 10 मिनट तक दुकान में रुकी और फिर गहने पसंद नहीं आने की बात कहकर शॉप से चली गईं। महिलाओं के दुकान से जाने के कुछ देर बाद उनके बेटे को काउंटर में रखा गहनों का एक बॉक्स नहीं दिखा। उसने दुकान में ढूंढा।

जब बॉक्स नहीं मिला तो उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। उसमें महिला चोर गैंग की करतूत कैद मिली। गहने दिखाने के दौरान नजर बचाकर एक महिला चोर काउंटर से गहने का बॉक्स निकाल लेती है और फिर बॉक्स को शॉल के अंदर छुपाकर खड़ी हो जाती है।

बॉक्स चोरी करने के बाद महिलाओं ने कुछ देर गहने देखे और फिर पसंद नहीं आने के बात कहकर दुकान से चली गई। चोरी का पता चलने पर उसके बेटे ने आस-पास की गलियों में उन महिलाओं को ढूंढा, लेकिन उनका पता नहीं चला। चोरी हुए गहनों की कीमत 6.75 लाख रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## हाईवे पर ट्रेलर पलटने से चार लोग दबे, एक की मौत

**जयपुर**। राजधानी में शुक्रवार देर रात जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर थाने कट के पास एक ट्रेलर पलट गया। ट्रेलर के पलटने से दो बाइक पर सवार चार लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक अन्य बाइक पर सवार महिला और पुरुष को मामूली चोट आई है।

ट्रेलर के पलटने से उसमें भरे पशु आहार के कट्टे बीच सड़क पर फैल गए। कट्टों के सड़क पर फैलने से यातायात जाम हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

कट्टों के नीचे दबे बाइक सवार लोगों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वहीं, ट्रेलर की चपेट में आने से एक बाइक चकनाचूर हो गई। बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने बताया कि पशु आहार का चूरा भरकर ट्रेलर अजमेर की तरफ जा रहा है। थाने कट के पास रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रेलर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के दौरान हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने रूट बदलकर ट्रेफिक निकाला।

## 50 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

### पुलिस मुख्यालय की सी.आई.डी. क्राइम ब्रांच टीम ने गैंगस्टर वरुण को सिंधी कैंप बस स्टैंड से डिटेन किया

**जयपुर** (कासं)। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों में शुमार 3 साल से फरार गैंगस्टर वरुण चौधरी को सिंधी कैंप बस स्टैंड से डिटेन किया। जिसे बाद में अजमेर के किशनगंज थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। वरुण चौधरी पर 50 हजार का इनाम घोषित है।

■ **पुलिस ने आरोपी को पकड़कर अजमेर की किशनगंज थाना पुलिस को सौंपा**



पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को राजस्थान के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शुमार गैंगस्टर वरुण चौधरी को सिंधी कैंप बस स्टैंड से डिटेन किया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ तस्करों और अवैध गतिविधियों में लिप्त वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम अलग-अलग शहरों में भेजी गई है। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि 50 हजार का इनामी गैंगस्टर वरुण चौधरी मथुरा से जयपुर होते हुए गुजरात के सोमनाथ जा रहा है। एडीजी एमएन ने बताया कि सूचना पर आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एसआई नरेंद्र सिंह, एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह और बृजेश कुमार की टीम रवाना की गई।

भरतपुर से टीम ने गैंगस्टर का पीछा करते सिंधी कैंप बस स्टैंड पहुंची। बस से उतरते ही टीम ने गैंगस्टर वरुण चौधरी (42) निवासी गांव पैंघोर थाना कुम्हेर जिला डीग हाल कुंदन नगर अजमेर को दबोच लिया।

बताया जा रहा है कि तीन साल से फरार गैंगस्टर वरुण चौधरी राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में फरारी काट रहा था। इसके विरुद्ध अजमेर, नागौर, भरतपुर व दिल्ली में हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट इत्यादि 16 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इनमें अजमेर व नागौर में हत्या के तीन प्रकरण और भरतपुर व दिल्ली में एक दर्जन से अधिक अपराधिक प्रकरण है।

जानकारी के मुताबिक अजमेर में इसकी एक अन्य गैंगस्टर संजय मीणा के साथ वर्चस्व को लेकर आपस में गैंगवार चल रही है। इसके कारण अजमेर में कानून व्यवस्था प्रभावित थी। संजय मीणा की गैंग ने वरुण के चाचा धर्मेंद्र चौधरी की अजमेर में हत्या कर दी थी। बदले की भावना से इसने करीब 2 महीने पहले अपने साथियों को संजय मीणा की हत्या के लिए भेजा था, लेकिन घटना से पहले ही अजमेर पुलिस ने पांच बदमाशों को 6 अवैध हथियारों व भारी मात्रा में कारतूसों के साथ पकड़ लिया। इस संपूर्ण कार्रवाई में सीएसआई नरेंद्र सिंह, एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह और बृजेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

## दूसरे राज्य की महिलाओं को विधवा और तलाकशुदा वर्ग में शामिल क्यों नहीं किया?

### राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 के आरक्षण मामले में जवाब तलब किया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 में दूसरे राज्य की तलाकशुदा और विधवा महिलाओं को इस वर्ग में शामिल कर आरक्षण का लाभ नहीं करने पर शिक्षा सचिव, कार्मिक सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक और कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव से जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेश मीणा ने यह आदेश स्नेहा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना याचिकाकर्ताओं को सामान्य महिला के तलाकशुदा व विधवा वर्ग में शामिल कर नियुक्ति दी जाए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक, लेवल-1 व लेवल-2 के लिए वर्ष 2022 में भर्ती निकाली। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने सामान्य महिला के विधवा व तलाकशुदा वर्ग में आवेदन किया। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से गत 31 अगस्त को भर्ती का परिणाम जारी किया गया। जिसमें याचिकाकर्ताओं के इस वर्ग के कट ऑफ से अधिक अंक भी आए। इसके बावजूद उन्हें नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि वह दूसरे राज्य की सामान्य वर्ग की तलाकशुदा व विधवा महिलाएं हैं। ऐसे में उन्हें इस भर्ती में इसी वर्ग के तलाकशुदा व विधवा वर्ग में शामिल किया जाना चाहिए। पूर्व में भी इस तरह के मामले में राज्य सरकार ने ऐसी महिलाओं को इस वर्ग के आरक्षण का लाभ दिया है। याचिका में कहा गया कि नियमानुसार याचिकाकर्ता सामान्य महिला के ही विधवा और तलाकशुदा वर्ग में शामिल होने का अधिकार रखती हैं। इसलिए उन्हें इस वर्ग में शामिल करते हुए नियुक्ति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

■ **अदालत ने इस प्रकरण में शिक्षा सचिव, कार्मिक सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक और कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव से जवाब मांगा है**

## चाकू मारने वाला आरोपी पकड़ा

**जयपुर** । बजाज नगर पुलिस ने छह अक्टूबर को थाना इलाके में स्थित डालडा फैक्ट्री के सामने चाकू मारने की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने छह अक्टूबर को थाना इलाके में स्थित डालडा फैक्ट्री के सामने एक व्यक्ति के गले पर चाकू मारने वाले आरोपी पंकज राय निवासी जलपाई गुडी पश्चिम बंगाल हाल दुर्गापुरा को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

## गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**जयपुर** । गायत्री वेदना निवारण केंद्र, मानसरोवर की ओर से वीटी रोड पर एक आवासीय कॉलोनी में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। महेश कुमार ने प्रारंभ में देवी-देवताओं का पूजन किया।

व्यासपीठ से हरिराम ने कहा हक दीपावली लक्ष्मी का पर्व है। लक्ष्मी से तात्पर्य है- अर्थ, धन। यह अर्थ का पर्व है। दीपावली पर हम अपनी आर्थिक स्थिति का लेखाजोखा लेते हैं, उसका चित्र बनाते हैं। लाभ-हानि पर विचार करते हैं, लेकिन केवल हिसाब- किताब तक ही यह पर्व सीमित नहीं है, वरन् इस अवसर पर आर्थिक क्षेत्र में अपनी बुराइयों को छोडक़र अच्छाइयां ग्रहण करने का पर्व है। अर्थ अर्थात लक्ष्मी जीवन की साधना का, विकास की ओर बढऩे का सहारा है, लेकिन ठीक उसी तरह जैसे माँ का दूध। हम लक्ष्मी को मां समझ कर उसे अपने जीवन को विकसित और सामथ्र्यवान बनाने के लिए उपयोग करें, न कि भोग-विलास तथा ऐशो-आराम के लिए। इसलिए मां लक्ष्मी के रूप में अर्थ की पूजा करना दीपावली का एक विशेष कार्यक्रम है। आवश्यकतानुसार खर्च करना, उपयोगी कार्यों में लगाना, नीति और श्रम तथा न्याय से धनोपार्जन करना, बजट बनाकर उसकी क्षमता के अनुसार खर्च

# 4921 फुट की ऊंचाई पर शेरगांव में पहली बार मतदान केन्द्र, 18 किलोमीटर पैदल जाएगा दल

## निर्वाचन विभाग ने दुर्गम और दूरदराज क्षेत्रों में भी बनाए मतदान केन्द्र

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा चुनाव में इस बार सुगम और समावेशी मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में दुर्गम, दूरदराज और कम आबादी वाले क्षेत्रों में भी निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान केन्द्र तक पहुंच नहीं पाने के कारण मताधिकार से वंचित न रहे, इस दिशा में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष तैयारियां की गई हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुर्गम पहाड़ी इलाकों से लेकर, बहुत कम आबादी वाले मरुस्थलीय क्षेत्र में भी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि सिरोही जिले के आबू-पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 4921 फुट की ऊंचाई पर स्थित शेरगांव के मतदाता इस वर्ष पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे। मतदान दल फोरेस्ट गार्ड की मदद से घने जंगल में करीब 18 किलोमीटर तक पगडंडियों पर पैदल चल कर इस मतदान केन्द्र तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यहां 117 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया गया है। पहले शेरगढ़ के मतदाताओं को वोट देने के लिए दूरदराज के एक और उतरज गांव में मतदान केन्द्र तक आना होता था। इस बार, उतरज गांव में 238 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जाएगा।

■ **बाड़मेर में मरुस्थलीय क्षेत्र में महज 34 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र**

उन्होंने बताया कि बाड़मेर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब स्थित बाड़मेर का पार गांव में महज 35 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है। बाड़मेर जिले के ही एक अन्य गांव मंझोली में 49 मतदाताओं के लिए पहली बार मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। इस बार इस गांव के मतदाताओं को वोट देने के लिए पांच किमी दूर नहीं जाना पड़ेगा। कांटल का पार गांव में 50 मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र बनाया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर के मेनाउ मतदान केंद्र पर केवल 50 प्रतिशत मतदाता हैं। मतदान के दिन वहां टेंट में एक अस्थायी बूथ स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिले के बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में काली तीर मतदान केन्द्र भी पहली बार बनाया जाएगा। डांग क्षेत्र में स्थित इस मतदान केन्द्र पर 682 मतदाता हैं। पहले यहां के मतदाताओं को 7.5 किलोमीटर दूर स्थित मतदान केन्द्र पर जाना होता था।

## जनसंपर्क के दौरान दीया कुमारी का भव्य स्वागत

**जयपुर** । भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी ने शनिवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में खातीपुरा तिराहे से रोड शो की शुरुआत की साथ ही घर-घर जाकर जनसंपर्क भी किया। इससे पहले दिया कुमारी ने वीर तेजा जी महाराज के आगे शीश नवाया। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। खातीपुरा तिराहे से निकाला गया यह रोड शो लता सर्किल और बाजार के रास्ते करणी चौराहे पर समाप्त हुआ। सुबह 10.30 बजे दिया कुमारी ने अपने समर्थकों, कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में अपना जनसंपर्क शुरू किया। रोड शो में जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद रहे। बता दें कि इससे पहले भी भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी का क्षेत्र के कई वार्डों में सघन जनसंपर्क हो चुका है। लगातार जनसंपर्क के बाद सर्व समाज के लोग खुलकर समर्थन दे रहे हैं।

## सार-समाचार

### हनुमानजी महाराज का जन्माभिषेक

**जयपुर** । रूप चतुर्दशी को हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। जयपुर के कुलदेवता घाट के बालाजी मंदिर में स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज के सान्निध्य में मध्य रात्रि जन्माभिषेक किया गया। सिंदूरी चोला धारण कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। मध्य रात्रि तक भक्तों के आने का सिलसिला चलता रहा। श्री खोले के हनुमान मंदिर में शनिवार को रूप चतुर्दशी पर्व पर हनुमान जी को चांदी की पोशाक धारण करा मध्य रात्रि 12 बजे महाआरती की गई। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि दीपावली पर मंदिर को विद्युत रोशनी के साथ 11 हजार मिट्टी के दीए जलाए जाएंगे। चांदपोल हनुमान जी, सांगानेरी गेट हनुमान जी, चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी, श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज, सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर, न्यू सांगानेर रोड स्थित चिंताहरण काले हनुमान जी,सीकर रोड के ढहर के बालाजी, विद्याधरनगर के पापड के हनुमान जी सहित अन्य सभी हनुमान मंदिरों में बजरंगी बली का मध्य रात्रि को जन्माभिषेक किया गया। सिंदूरी चोला धारण कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। सभी मंदिरों में हनुमान जी महाराज का फूलों से श्रृंगार किया गया। कई मंदिरों में फूल बंगला झांकी सजाई गई। गलता गेट स्थित गीता गायत्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में अभिषेक कर पुष्पों से मनोरम श्रृंगार किया गया। अंबाबाड़ी स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष झांकी सजाई गई। मंदिर ट्रस्ट के सचिव सुरेंद्र गुप्ता अनुपम ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी को नवीन पोशाक के साथ विशेष पुष्पों से शृंगार के साथ मंदिर प्रांगण को सजाया गया। बालाजी के छन्नन भोग की झांकी सजा कर भोग लगाया गया।

### गोपाल शर्मा ने किया सघन जनसंपर्क

**जयपुर** । सिविल लाइंस से भाजपा प्रत्याशी गोपाल शर्मा ने शनिवार को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कई पार्कों और कॉलोनियों में सघन जनसंपर्क किया। शर्मा ने लोगों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जगह-जगह लोगों ने शर्मा का माल्यार्पण और साफा बांध कर गर्मजोशी से स्वागत किया। एक जगह मिली बुजुर्ग महिला ने गोपाल शर्मा के सिर पर हाथ रखकर कहा-अबार थे ही जीतोला। हसनपुरा कच्ची बस्ती में अल्पसंख्यक समुदाय ने गोपाल शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्थानीय महिला ने पेयजल की समस्या से अवगत कराया। गोपाल शर्मा ने मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं के साथ हसनपुरा के श्री रोजगारेश्वर महादेव मंदिर, राणा बस्ती, प्राचीन तलाई क्षेत्र में एक-एक व्यक्ति से मिलकर देश की मजबूती के लिए मत और समर्थन मांगा। कॉलोनीवासियों ने एक मंदिर में शर्मा का जोरदार स्वागत किया। शर्मा ने हसनपुरा में एनबीसी गेट स्थित दुर्गा विस्तार कॉलोनी में घर-घर दस्तक देकर वोट देने की अपील की। बड़ी संख्या में उत्साही बच्चों ने जयश्री राम के जयघोष लगाकर वातावरण में जोश भर दिया। जनसंपर्क के दौरान शर्मा कई पार्कों में पहुंचे और घूमने आए लोगों से बातचीत कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलाने की अपील की। इस दौरान गोविंदपुरी, विवेक विहार, गुर्जर की थड़ी पर बैठक हुई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने गोपाल शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। सहकार मार्ग स्थित प्रधान कार्यालय पर विभिन्न समाजों और संस्थाओं के लोगों ने शर्मा ने मिलकर समर्थन दिया।

### तोते चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । राजधानी की बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर के अन्दर से तोते चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार के तोते बरामद किए है। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशा का शौक पूरा करने के लिए तोते चोरी कर उन्हे औने-पौने दामों में बेच देता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर के अन्दर से तोते चोरी करने वाले विकास उर्फ सोनू निवासी मालवीय नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से विभिन्न प्रकार के 41 तोते बरामद किए है और शेष सात तोते गौरव टावर में स्थित दुकान से बरामद किए है। आरोपी तोते पालने का शौकीन है जो गलत संगत में रहकर स्मैक का नशा करने का आदि हो गया। नशे का शौक पूरा करने के लिए तोते चोरी कर उन्हे बेच देता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई है।

### भाजपा नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश के सभी प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व दीपकों के उजास में जीवन की उत्सवधर्मिता से जुड़ा है। उन्होंने कामना की है कि रोशनी का यह त्यौहार हम सभी के जीवन में नई खुशियां लेकर आए और हमारा राष्ट्र सदा सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य से आलोकित हो। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रदेशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की खुशहाली की कामना की। नेताप्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में इस बार तीन बार दिवाली मनाई जाएगी। 12 नवंबर के बाद 3 दिसंबर और 22 जनवरी को दिवाली मनाई जाएगी। वहीं भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्र शेखर ने भी प्रदेशवासियों को पंच दिवसीय दीपोत्सव की बधाई दी।

### 'राष्ट्र के नाम' प्रज्जवलित किए दीये

**जयपुर** । कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यालय भारत माता मंदिर में शाम को परिवार संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत माता की पूजा-अर्चना कर आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विहिप के संगठन मंत्री राजाराम ने अयोध्या में अगले साल होने वाले राम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय ने 22 जनवरी को भी अपने घर पर दीपावली मनाने का आ ान किया। प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम ने परिवार संगम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रांत मंत्री सुभद्र पापड़ीवाल ने आगंतुकों को आभार जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने छोटी दिवाली पर एक दीप राष्ट्र के नाम जलाया। इस मौके पर विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह 19 को

**जयपुर** । गायत्री शक्तिपीठ कालवा में रविवार, 19 नवंबर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह, अन्नकूट प्रसादी महोत्सव एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मुख्य ट्रस्टी धर्मसिंह ने बताया कि इस मौके पर सुबह छह बजे वेदमाता गायत्री की प्रतिमा के समक्ष गायत्री महामंत्र का मानसिक मौन जप किया जाएगा। इसके बाद सुबह नौ से दोपहर बारह बजे तक पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित की जाएंगी। दोपहर 12 से एक बजे तक दीपावली स्नेह मिलन समारोह तथा एक से चार बजे तक अन्नकूट प्रसादी महोत्सव होगा।

### गोविंददेवजी मंदिर में अन्नकूट 14 को

**जयपुर** । आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 14 नवंबर को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में मनाया जाएगा। अन्नकूट झांकी के दर्शन दोपहर 12 से 12:30 बजे तक होंगे। ठाकुरजी को पुरानी सुनहरी जामा पोशाक धारण कराकर विशेष अलंकार से श्रृंगार किया जाएगा। ठाकुरजी को नवीन अन्न से तैयार व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे मंदिर के पश्चिमी द्वार पर गोवर्धन पूजा एवं गाय बछड़े का पूजन किया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि इस दिन राजभोग झांकी के दर्शन नहीं होंगे। बाकी झांकियों का समय यथावत रहेगा।

### डीजीपी ने दीपावली की शुभकामनाएं दी

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेश के समस्त पुलिस अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिजनों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मिश्रा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हर्ष, उल्लास और उमंग का यह पर्व हमें शांति, सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। दीपावली के पावन पर्व के साथ ही लोकतंत्र के पर्व के रूप में निकट भविष्य में राजस्थान विधानसभा के चुनाव भी हो रहे हैं। पर्वों एवं उत्सवों के साथ ही चुनाव के अवसर पर पुलिसकर्मियों का दायित्व और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। मिश्रा ने इन अवसरों पर सदैव की भांति पूर्ण सतर्कता और सद्भावना के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह करते हुए आतिशबाजी के संबंध में समझाईश के साथ न्यायालय के आदेशों की पालना करवाने पर बल दिया।